हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 23 मार्च 2025

04 नपा ने पकड़े 26 से ज्यादा लाल मुंह के बंदर

07 एनजीटी के अनुसार 13 मृतकों के परिजनों को...




## खबर संक्षेप

### अवकाश में खुला रहेगा नपा कार्यालय

**नर्मदापुरम।** वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। अपने समस्त प्रकार के टेक्स जमा करने के लिए नगरपालिका का कार्यालय अवकाश के दिनों में भी खुला रहेगा। नागरिकों की सुविधा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। राजस्व शाखा के भुवन मेहता ने बताया कि मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर अवकाश के दिनों में नगरपालिका कार्यालय खुला रहेगा। कार्यालयीन समय में नागरिक आकर अपने समस्त प्रकार के टेक्स जमा कर सकेंगे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी पटले ने नगर के नागरिकों से कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। कर जमा करने आपकी सुविधा हेतु अवकाश के दिनों में भी कार्यालय खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं। अतः अपने समस्त बकाया कर जमा करें और अधिभार से बचें।

### मेंटनेंस के चलते शहर में नहीं होगी विद्युत सप्लाई

**नर्मदापुरम।** उपकेंद्र रसूलिया में आवश्यक रखरखाव के चलते रविवार 23 मार्च को सुबह 8 से 12 बजे तक पूरे शहर की बिजली सप्लाई बंद रहेगी । 33 केवी नर्मदा पुरम, मिल्क डेयरी, आनंद नगर, टुगारिया, डोलरिया, सांगा खेड़ा फीडर में सुबह से बिजली सप्लाई बाधित रहेगी । पूरे नर्मदापुरम में बिजली सप्लाई नहीं रहेगी। वहीं ग्रामीण और डोलरिया वितरण केंद्र सहित अन्य सभी जगह विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। काम हो जाने के बाद विद्युत सप्लाई सुचारू रूप से चालू की जाएगी।

### प्रभागीय जल उपयोगिता समिति की बैठक 25 को

**नर्मदापुरम।** जल संसाधन विभाग, जल संसाधन विभाग, संभागीय अधिकारी कमिश्नर कार्यालय में आयोजित बैठक के लिए अन्य अधिकारी गूगल मीट से बैठक से जुड़ेंगे। जिले की बैठक में 3 जिलों के कलेक्टर शामिल होंगे। बैठक का आयोजन आयुक्त की अध्यक्षता में होगा। बैठक 25 मार्च को आयुक्त के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जिसमें महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी।

## बड़ा सवाल : अवैध वसूली कर इन दुकानदारों को कौन दे रहा प्रोत्साहन

# सड़क किनारे बिना पंजीयन चल रहा फल-सब्जी बाजार, यातायात बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में इन दिनों फल और सब्जी का थोक व फुटकर कारोबार बिना पंजीयन के चल रहा है। नगर पालिका के पास व्यापारियों का कोई रिकार्ड नहीं है। बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर इन व्यापारियों से अवैध वसूली कर इनहे सड़क किनारे व्यापार करने का प्रोत्साहन कौन दे रहा है।

विदित रहे प्रति दिन लाखों रूपये का व्यापार नियम और कानून को ताक पर रखकर चल रहा है। नगर में लगभग 500 से ज्यादा फुटकर व थोक व्यापारी मंडी, सड़कों, गलियों और हाथ ठेलों पर फल-सब्जी बेच रहे हैं। नियम के अनुसार बिना पंजीयन के कोई भी फल सब्जी का व्यापार नहीं कर सकता है। इसके लिए एक वर्ष का लायसेंस जारी किया जाता है। लेकिन नगर में यह प्रक्रिया पूरी नहीं की जा रही है।

शहर में सड़क किनारे बाजार लग रहा है जिससे यातायात बाधित हो रहा है। अंकुश लगना चाहिए।

### लाइसेंस जरूरी फिर भी नहीं हो रहा पंजीयन

नगर सीमा में थोक या फुटकर फल सब्जी बेचने के लिए नगर पालिका की राजस्व शाखा से लायसेंस लेना जरूरी होता है। इसके बाद व्यापारी को गुमास्ता के तहत पंजीयन करना होता है। हर साल लायसेंस का नवीनीकरण भी कराना पड़ता है।



### दुकानदारों से अवैध वसूली पर पंजीयन नहीं

सड़क किनारे व्यापार कर रहे व्यापारियों से अवैध वसूली की जा रही है। यह वूसली रोज सड़कों और गलियों में फल-सब्जी आदि छोटे दुकानदारों से हो रही हैं। यह वसूली कौन कर रहा है किसी को जानकारी नहीं है। वही नपा द्वारा भी अब तक ऐसे व्यापारियों को किसी प्रकार के पंजीयन की कोई व्यवस्था नहीं दी गई है। इस लापरवाही के कारण कई असामाजिक तत्व पहचान छिपाकर फल सब्जी का कारोबार कर रहे हैं। पंजीयन होने पर मूल निवासी प्रमाण पत्र, आधार कार्ड और पहचान पत्र जरूरी होते हैं।

### बाजार व्यवस्थित करने के निर्देश दिए : सीएमओ

अब पुलिस लाईन एवं कलेक्ट्रेट रोड पर बाजार नहीं लगने दिया जावेगा। टीम को हमने निर्देश दिए हैं परिषद में प्रस्ताव पास कराकर पंजीयन की कार्यवाही भी करेंगे।

**हेमेश्वरी पटले, सीएमओ, नपा नर्मदापुरम**

समझाईश दिये जाने के बाद भी विक्रेता रोड पर दुकाने लगा रहे हैं। अतिक्रमण दस्ते को उन्हे हटाने के निर्देश भी दिये गये हैं। नहीं मानने पर जब्ती की कार्रवाई भी की जाएगी।

**निर्मला हंसराय, राजस्व सभापति नपा परिषद, नर्मदापुरम**

### स्थाई जगह को छोड़कर सड़क किनारे लग रही हैं दुकानें

नगर में फल-सब्जी के लिये एक मात्र स्थाई बाजार है। वह भी छोटा एवं अव्यवस्थित है। जिसकी वजह से व्यापारी कारोबार सड़कों और फुटपाथ पर चल रहा है। इससे यातायात प्रभावित हो रहा है। प्रमुख चौराहों और फुटपाथों पर हाथ ठेले खड़े रहने से छोटे वाहन चालकों को परेशानी होती है। प्रमुख चौराहों और फुटपाथों पर हाथ ठेले खड़े रहने से छोटे वाहन चालकों को परेशानी होती है। इस कारण कई हादसे हो रहे हैं। रविवार को नगर के प्रमुख स्थल कोठी बाजार, सदर बाजार, पुलिस लाईन रोडों पर लगभग आधे कि.मी. तक सड़क पर बाजार लगने लगा है।



## छिंदवाड़ा से तीन दिन से लापता बालक, ट्रेन में मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

छिंदवाड़ा से तीन दिन से लापता 12 के बालक को शुक्रवार रात को नर्मदापुरम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतारा गया। वह इंदौर से चलकर छिंदवाड़ा सिवनी जाने वाली पंचवैली पैसेंजर ट्रेन के जनरल कोच में बैठा हुआ था, जो भोपाल से वापस छिंदवाड़ा जा रहा था।

देहात थाने के एसआई धर्मेंद्र वर्मा और उनकी टीम ने मौके पर चैकिंग कर बालक को सकुशल उतारा और परिजन को सूचना दी। देर रात्रि में उसके परिजन नर्मदापुरम पहुंचे। अब शनिवार को सुबह परिजन के सुपुर्द किया जाएगा। पुलिस के पहुंचने पर बालक ने बताया कि वह कक्षा 8 का छात्र है। 18 मार्च सुबह 11 बजे घूमने के लिए घर पर बिना किसी को कुछ बोले चुपचाप भागकर ट्रेन से भोपाल आ गया। यहां रेलवे स्टेशन परिसर में ही शुक्रवार शाम तक घूमते फिरते रहा। शाम 6.30 बजे वो पंचवैली पैसेंजर में छिंदवाड़ा जाने के लिए बैठ गया। एसआई



वर्मा ने बताया रात 8 बजे मेरे एक बैचमेट साथी ने कहा कि एक बालक जो लापता है और संभवतः पंचवैली पैसेंजर में हो सकता है। मैं तुरंत अपनी टीम के साथ मौके रेलवे स्टेशन पर पहुंचा। देहात थाना पुलिस और आरपीएफ ने ट्रेन के आते ही कोचों में खोजबीन शुरू की। बालक वहीं बैठा दिखाई दिया। मोबाइल से वीडियो कॉल पर बातचीत कर पहचान कराकर उतारा गया। छिंदवाड़ा पुलिस और परिजन को जानकारी देकर नर्मदापुरम बुलाया गया।

### ऑनलाइन आवेदन करके बदल सकते हैं टैरिफ

नर्मदापुरम। अब बिजली उपभोक्ता आसानी से अपने इलेक्ट्रिकल कनेक्शन का टैरिफ बदल सकते हैं। इसके लिए उन्हें बिजली कंपनी में शामिल होना जरूरी नहीं है। अब मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रिचार्ज के लिए ऑनलाइन टैरिफ परिवर्तन का विकल्प उपलब्ध कराया गया है। इसके लिए "सरल कंपार्टमेंट पोर्टल" के लिए आवेदन करना होगा।

## राठवा जनजाति में पर्व-त्योहारों पर नृत्य की परंपरा

# तीन दिवसीय संपदा समारोह में जनजातीय नृत्यों के साथ अन्य राज्यों के नृत्य हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पचमढ़ी में पारम्परिक कलाओं का समारोह सम्पदा का आयोजन 21 से 23 मार्च सायं 6.30 बजे से ओल्ड होटल ग्राउण्ड में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में 22 मार्च 2025 को मध्यप्रदेश के बैगा और गोण्ड गुजरात की राठ, तेलंगाना की गोण्डकोया, महाराष्ट्र की धनगर और उड़ीसा की कंध जनजातियों के नृत्य के साथ भक्तिमती शबरीः लीला नाट्य प्रदर्शनी का संयोजन किया गया। इस प्रस्तुति का निर्देशन श्री



संजय गर्ग, जबलपुर द्वारा किया गया है। साथ ही समारोह में भक्तिमति शबरी, निषादराज गुह्य एवं वीरांगना रानी दुर्गावती के जीवन ओर अवदान केंद्रित प्रदर्शनी का संयोजन किया गया है। समारोह में निदेशक, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी डॉ. धर्मेंद्र पारे एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। गतिविधि में पद्मश्री श्री अर्जुन सिंह धुर्वे द्वारा बैगा जनजातीय नृत्य घोड़ी पैठाई / परघौनी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। बैगा समुदाय के द्वारा विभिन्न अवसरों पर करमा, दशहरा, बिलमा, परघौनी, घोड़ी पैठाई जैसे नृत्य किये जाते हैं। दशहरे के अवसर पर विशेष रूप से घोड़ी पैठाई नृत्य किया जाता है। 'परघौनी नृत्य' विवाह के अवसर पर बारात की अगवानी के समय किया जाता है।

### अहिरवार समाज आज चंवर वंश राजा के किले पर जाएगा

**नर्मदापुरम।** अहिरवार समाज संघ के तत्वाधान में रविवार दोपहर 12:00 बजे से चंवर वंश के राजा वीर मथुरा महाराज के गौरवशाली इतिहास, जिन्होंने अपने राज्य काल के समय चमड़े के नोट व सिक्के चलाएं। उनका ऐतिहासिक किला तवा नदी के तट पर ग्राम रानीपुर तवा नगर में चमर दल महल के नाम से प्रसिद्ध है, जो वर्तमान स्थिति में छत विक्षत हो चुका है। वीर मथुरा महाराज रविदास समाज के आस्था का प्रतीक है। आज भी क्षेत्र में रविदास समाज के घरों में वीर मथुरा की पूजा होती है। उनके इतिहास को जानने के लिए व महल भ्रमण के लिए एक दिवसीय प्रोग्राम रखा गया है।

## 24 से फिर बदलेगा मौसम का मिजाज, ठंडक रहेगी मार्च के आखिर से पारा 40 तक पहुंचने की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। तीन सिस्टम एक्टिव होने से जिल में हलकी बारिश हुई। लेकिन, आज मौसम साफ रहेगा। 24 से नया सिस्टम एक्टिव होगा। मौसम में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है, जहां पिछले कई दिनों से प्रदेश के कई क्षेत्रों में बारिश दर्ज की गई और ओले भी गिरे। वहीं वेस्टर्न डिस्टरबेंस और दो साइक्लोनिक सिस्टम का असर शनिवार को कम हो जाएगा। इससे नर्मदापुरम संभाग में मौसम साफ रहेगा और धूप खिली रहेगी।

### 24 मार्च से एक्टिव होगा नया सिस्टम

मौसम विभाग के अनुसार मौजूदा सिस्टम का असर 22 मार्च तक रहेगा। 24 मार्च से एक और वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो सकता है। यह पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। इससे प्रदेश में भी मौसम बदलेगा। अगले 24 घंटे में दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी हो सकती है। 2 से 3 डिग्री तक पारा बढ़ जाएगा। कहीं भी बारिश होने का अलर्ट नहीं है।

### 40 डिग्री पार जाएगा पारा

मौसम विभाग के अनुसार, मार्च के आखिरी दिनों में फिर से गर्मी का असर देखने को मिलेगा। लू भी चल सकती है। पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। सामान्यतः दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है। अगले 4 महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मार्च से मई तक 15 से 20 दिन हीट वेव चलने का अनुमान जताया है। अप्रैल-मई में हीट वेव का असर ज्यादा हो सकता है। इस कारण 30 से 35 दिन तक गर्म हवा चल सकती है।

## 30 व 31 मार्च को गणेश महोत्सव की पुस्तक और गणवेश मेले के साथ होगा ऐतिहासिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

डॉक्टर एवं शिक्षक सोनिया मीना के निर्देशात्मक पुस्तक गणेश मेला का आयोजन 30 एवं 31 मार्च 2025 को पुरातत्व संग्रहालय , डेनमार्क के संग्रहालय में रखा जाएगा।

इस मेले के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए रिटार्यंट क्रिस्टोफर सत्र भी आयोजित किया जाएगा , जिसमें रिटार्यंट डायरेक्टोरियल की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। ऐतिहासिक सत्र का संचालन पूर्व अध्ययन संग्रहालय में नियुक्त पुरातत्व काउंसलर द्वारा किया गया।

इस दौरान छात्र एवं उद्यम के लिए कक्षा 10 वीं के बाद विषय चयन , कक्षा 12 वीं के बाद उच्च शिक्षा व्यावसायिक एवं पाठ्यक्रम , एनईईटी, जेईई, आईआईटी, सीएलएटी, नर्सिंग एवं अन्य व्यावसायिक शिक्षा की तैयारी और रोजगार के अवसरों से संबंधित गहन अध्ययन।

प्रत्येक स्कूल की कार्यशाला में ऐतिहासिक स्मारक स्थलों का उपयोग अपने विद्यालय के लचीलेपन के लिए किया जाता है , जिससे विद्यार्थियों को उनके विद्यालय की वास्तुकला की जानकारी मिल सके। इसके साथ ही , यूनीलर्न पोर्टल के माध्यम से ऐतिहासिक चित्रण प्रक्रिया को दर्शाया जाएगा।

इस पूरे कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक अधिकारी एडीपीसी श्री राजेश गुप्ता होंगे , जबकि कार्यशाला श्री विक्रम कुमार नरवरिया इस कार्यक्रम के प्रमुख समन्वयक होंगे।

## खाटू श्याम जा रहे पैदल यात्रियों का भोपाल तिराहे पर जोरदार स्वागत, दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलियुग के प्रमुख देव भगवान खाटू श्याम के दर्शन करने पैदल जा रहे भक्तों का स्थानीय नर्मदांचलवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। उनसे हाल जाने तथा यात्रा मंगलमय हो की शुभकामनाएं दीं गई।

बताया जाता है कि का पहला जत्था है जो पैदल यात्रा कर भगवान श्री खाटू श्याम के दर्शन करेगा। इस अवसर पर भाजपा नेता हंस राय, विधायक



प्रतिनिधि महेंद्र यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रोहित गौर, मनोज शर्मा, कपिल चौहान एवं गब्बर राजपूत द्वारा पुष्पमाला से स्वागत कर मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

## ग्रापं सचिव को रोककर माछा में 3 ग्रामीणों ने की मारपीट

### सचिव ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जनपद पंचायत सोहागपुर क ग्राम माछा में शुक्रवार शाम ग्रापं सचिव लखनलाल प्रजापति से गांव के तीन लोगों ने मारपीट की है। शासकीय कार्य दौरान कारित घटना की रिपोर्ट सचिव ने सोहागपुर थाने में दर्ज कराई है। आवेदक 52 वर्षीय लखनलाल प्रजापति पुत्र बुद्धाराम मूल निवासी ग्राम गुरारी हाल मुकाम सोहागपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर शुक्रवार रात लगभग बीएनएस की धाराओं 132, 126(2), 296, 115(2), 351(3) तथा 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। मामले में फरियादी ग्रापं माछा के सचिव लखनलाल प्रजापति ने उल्लेख किया है कि वह 21 मार्च 2025 को दोपहर 2:30 बजे सोहागपुर जपं सीईओ के आदेश पर प्रधानमंत्री आवास सर्वे करने माछा गया था। सर्वे दौरान शाम 5:00 बजे माछा निवासियों श्रवण कुमार पुर्विया, पर्वत कीर और गुलाब विश्वकर्मा उर्फ बड्डे ने सचिव को रास्ते में सर्वे कार्य से रोका, गालियां दी व मारापीट की। आरोपियों ने सचिव से इंदिरा आवास एवं प्रधानमंत्री आवास सूचियां के कागज छीनकर फाड़ दिए। तीनों ने डेढ़ घंटे तक सचिव को रोके रखा। तब सरपंच पति संदीप सिंह ठाकुर आए तो सचिव मौका देखकर सचिव वहां से भागा। इस दौरान श्रवण पुर्विया, पर्वत कीर तथा गुलाब विश्वकर्मा ने सचिव को गांव आने पर जान से मारने की धमकी दी। सचिव ने सरपंच पति संदीप सिंह ठाकुर तथा सचिवों राकेश पुरी गोस्वामी व मंगल सिंह ठाकुर के साथ थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई। सोहागपुर थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर ने मामले की जांच शोभापुर चौकी प्रभारी मेघा उदेनिया को सौंपी है।

### करेंगे हड़ताल

मामले में जपं अधिकारी, कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने शनिवार दोपहर सोहागपुर जपं सीईओ सहित नर्मदापुरम कलेक्टर, एसपी, जिपं सीईओ, सोहागपुर एसडीएम, एसडीओपी व थाना प्रभारी के नाम आवेदन सौंपे हैं। आवेदनों में अधिकारी/कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने उल्लेख किया है कि लखनलाल प्रजापति के साथ माछा में मारपीट की गई, दो घंटे बंधक बनाया गया व उनकी स्कूटी छुड़ा ली गई। शुक्रवार रात ही थाने में एफआईआर दर्ज कराई है, लेकिन आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। शीघ्र ही आरोपी गिरफ्तार नहीं किए जाते हैं तो जपं अधिकारी, कर्मचारी, सचिव व ग्राम रोजगार सहायक आदि 25 मार्च से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ करेंगे।

## ज्ञानोदय स्कूल में कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा आज होगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शासकीय ज्ञानोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए 23 मार्च (रविवार) को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर होगी। नर्मदापुरम जिले में एकमात्र परीक्षा केंद्र ज्ञानोदय विद्यालय में बनाया गया है, जहां कुल 147 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। 80 सीटों के लिए होगी प्रतिस्पर्धा जनजातीय कार्य विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी कि विद्यालय में कुल 80 सीटें उपलब्ध हैं, जिनके लिए यह परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को मेरिट आधार पर प्रवेश दिया जाएगा।

## एनईएस शिक्षा महाविद्यालय बुधवाड़ा में श्रद्धांजलि सभा हुई

# नर्मदांचल के गौरव आईपीएस रेलवे पुलिस महानिदेशक स्व. मनीष शंकर शर्मा को श्रद्धांजलि देकर याद किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदांचल के गौरव स्पेशल डीजी रेल मनीष शंकर शर्मा असामयिक निधन विगत 16 मार्च की रात में नई दिल्ली में उपचार के दौरान हो गया। उनकी पुण्य स्मृति में नर्मदा एजुकेशन सोसाइटी द्वारा एनईएस शिक्षा महाविद्यालय बुधवाड़ा परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया । जिसमें नर्मदा एजुकेशन सोसाइटी एवं सोसाइटी द्वारा संचालित विद्यालय , महाविद्यालय परिवार द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। ज्ञात हो कि स्व. मनीष शंकर शर्मा भारतीय पुलिस सेवा में 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं उन्होंने अपने सेवा कल के दौरान चार देशों में अपनी



सेवाएं प्रदान की, श्री शर्मा को कैलिफोर्निया राज्य के सैन डिएगो शहर में विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया तथा 20 जुलाई को उन्हें सम्मानित करते हुए इस दिन को हर साल मनीष शंकर शर्मा दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई। श्री शर्मा रायसेन सतना छिंदवाड़ा एवं खंडवा जिलों में एसपी भी रह चुके हैं। मनीष शर्मा की स्कूलिंग देल्ही कॉलेज इंदौर एवं भोपाल स्कूल आफ सोशल साइंस से ग्रेजुएशन किया, उसके बाद बिरला इंस्टिट्यूट ऑफ पिपलानी से मार्केटिंग में एमबीए किया। उनके निधन से पुलिस महकमे के साथ-साथ समाज ने एक अच्छा व्यक्तित्व को दिया जिसकी भरपाई नहीं हो सकती है। श्रद्धांजलि सभा में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ज्योत्सना खरे ने कहा कि स्व. मनीष शंकर शर्मा का जाना समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। विद्यालय संचालन समिति के सदस्य संतोष व्यास ने कहा कि श्रभ शर्मा एक मिलनसार एवम बहुमुखी प्रतिभा के धनी व्यक्तित्व एवम कर्मनिष्ठ थे। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉक्टर संजय गार्गव ने कहा कि छिति जल पावक गगन समीरा पंच रचित यह अधम शरीरा यह शरीर पंचतत्व पृथ्वी जल अग्नि वायु आकाश से बना हुआ है एवं यह शरीर तो नष्ट हो जाता है लेकिन आत्मा सदैव अजर और अमर रहती है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर ज्योत्सना खरे, केके अग्रवाल, एस सैफी, संतोष व्यास, प्रशांत दुबे मुन्नू, राजेश पटेरिया, सत्यम अदलिया, डॉ प्रिंस जैन, डॉ संजय गार्गव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### विश्व जल दिवस पर युवाओं ने किया ग्रामीणों को जागरूक



**भौंरा।** मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के तत्वाधान में ग्राम पाठई सामुदायिक युवाओ ने विश्व जल दिवस मनाया, जिसमें गांव के पुरुष और महिला और स्कूल के बच्चे उपस्थित थे। जल दिवस पर जागरूकता रैली निकाली गई। जल विश्व दिवस के उपलक्ष्य में बताया कि जल दिवस क्यू मनाया जाता है और जल का उपयोग आवश्यकता के अनुसार करना चाहिए। पानी का उपयोग होने के बाद नल बंद करे, ही पानी ना बहने दे। घरों में उपयोग हो चुके पानी को पेड़ पौधों में डाले। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन से मीना सातनकर, वर्षा मर्सकोले, गणेश हनोते, बिजली कुमरे, प्रियंका महोबिया, सोनाली बिनाके, पूनम कहार उपस्थित रहे।

### रानीपुर में आज से होगा राम कथा का शुभारंभ

**बैतूल।** रानीपुर के पंचायती उदासीन नया अखाड़ा, हनुमान जी महाराज की सिज कुटी (माधव गौशाला) में आज से श्रीरामचरितमानस राम कथा का शुभारंभ हो रहा है। इस अवसर पर माता रेणुका पदयात्रा का समापन भी होगा। राम कथा का वाचन आचार्य पंडित ललितपुरी महाराज द्वारा किया जाएगा, कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक चलेगी। 28 मार्च को भजन संध्या, 29 मार्च की सुबह 11 बजे सुखमनि साहब पाठ और परायण, धर्म ध्वजा पूजन और परिवर्तन तथा दोपहर 1 बजे कन्या पूजन और मातृ शक्ति पूजन के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा।।माता रेणुका पदयात्रा के समापन अवसर पर यात्रियों का भव्य अभिनंदन होगा और महाकुंभ तीर्थ यात्रियों का स्वागत किया जाएगा। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में आकर धर्म लाभ लें।

### मां कर्मा जयंती पर रक्तदाताओं का होगा सम्मान

**बैतूल।** युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में साहू समाज की अधिष्ठात्री देवी भक्त शिरोमणि मां कर्मा जयंती समारोह का आयोजन 25 मार्च दिन मंगलवार को धूमधाम से आयोजित किया जाएगा। मां कर्मा जयंती पर सुबह 8 बजे श्री कृष्ण को विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। सुबह 8.30 बजे जिला अस्पताल बैतूल में मरीजों को अंकुरित आहार का वितरण किया जाएगा। सुबह 10 बजे उड़दन स्थित मातोश्री वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया जाएगा। सुबह 11.30 बजे जिला अस्पताल स्थित भोजन शाला में मरीजों की परिजनों को भोजन खिलाया जाएगा। दोपहर 1 बजे से जिला चिकित्सालय बैतूल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा इस शिविर में रक्तदान करने वाले युवाओं को 18 मई दिन रविवार को जे एच कॉलेज बैतूल में संगठन के रजत जयंती समारोह में भक्त शिरोमणि मां कर्मा सम्मान से नवाजा जाएगा। दोपहर 3 बजे से पापमोचनी एकादशी व्रत अनुष्ठान समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### 31 तक निजी नलकूप खनन की अनुमति

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले में निजी, नवीन नलकूप खनन पर लगाए गए प्रतिबंध में कृषकों और आमजनों को 31 मार्च तक शिथिलता प्रदान की है। जारी आदेश के अनुसार जिले में मप्र पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत निजी, नवीन नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया था। उक्त प्रतिबंध प्रभावशील होने के उपरांत समस्त जिले के वृहद संख्या में कृषकों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा उक्त प्रतिबंध से कुछ समयावधि के लिए छूट प्रदान करने की मांग की गई थी। कृषकों की समस्या व आमजनों की मांग को दृष्टिगत रखते हुए एवं तकनीकी अधिकारी से चर्चा उपरांत 4 मार्च को जारी नवीन नलकूप खनन के प्रतिबंध में आंशिक संशोधन कर 31 मार्च तक प्रतिबंध से मुक्त कर कृषकों एवं आमजनों को निजी, नवीन नलकूप खनन के लिए अनुमति प्रदान की।

## चौक-चौराहों पर लगेंगे संकेतक, बनेगी पार्किंग सहित आरसीसी नालियां

# शहर के चौक-चौराहों का होगा चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के प्रमुख चौक-चौराहों का चौडीकरण और सौंदर्यीकरण होगा, इसके लिए नगरपालिका को मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के चतुर्थ चरण के तहत नगरी प्रशासन से करोड़ों रुपए का बजट भी मिला है। जिसके तहत करीब 5 करोड़ 92 लाख की लागत से शहर के चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जाना है और इसके टेंडर भी हो चुके हैं। काम भी जल्द शुरू हो जाएगा।

बता दें कि नगर पालिका ने शहर के चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण और चौड़ीकरण किए जाने के लिए चयन किया गया है। बताया जा रहा है कि प्रत्येक चौराहों का आकार और डिजाइन अलग-अलग होगा। कोई चौराहा गोलाकार आकृति में बनाया जाएगा तो कोई षष्ठकोण आकार का होगा। इसके अलावा त्रिभुजा आकार के चौराहे भी बनाए जाएंगे। चौराहों की ड्राईंग डिजाइन भी पूर्व में एप्रूवल हो चुकी है।

### इन चौराहों पर किया जाएगा विस्तार



नगरपालिका शहर के मुख्य चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण करायेगी। जिसमें गेंदा चौक, कारगिल चौक, शिवाजी चौक, गणेश चौक शामिल हैं। इन चौक-चौराहों पर पार्किंग की व्यवस्था और नाली का निर्माण भी होगा। मैकेनिक चौक से जायका होटल तरफ नाली निर्माण होगा। इसके अलावा गांधी चौक पर पार्किंग निर्माण होगा। हालांकि कॉलेज चौक का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पहले ही भेजा जा चुका था। यह चौक सडक सुरक्षा मद में इस चौक का सौंदर्यीकरण होना था, लेकिन फंड का ईश्यू आने से परिषद में प्रस्ताव रखा जायेगा। इसके अलावा मैकेनिक चौक, अखाडा चौक और थाना कोतवाली चौक का भी भविष्य में सौंदर्यीकरण किया जायेगा।

### प्रत्येक चौराहे पर 45 से 50 लाख रुपए होंगे खर्च

शहर के प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण किया जाना हैं, उनमें प्रत्येक चौराहों पर 45 से 50 लाख रुपए का खर्चा आना बताया जा रहा है। इसके अलावा नाली निर्माण और पार्किंग के लिए भी खर्चा किया जाना है। इस प्रकार कुल 5 करोड़ 92 लाख सौंदर्यीकरण पर खर्चा होगा। नगरपालिका के मुताबिक चौराहों का पूरी तरह से स्वरूप बदला जाएगा। चौराहे पहले से अधिक चौड़े होंगे और आवागमन की सुविधा भी इससे बेहतर हो जाएगी। वर्तमान में चौराहे संकरे होने की वजह से कई बार जाम लग जाता है।

### अभी संकरे चौक-चौराह होने के कारण लगाता है जाम

शहर के अधिकांश चौक-चौराहे अभी संकरे है। जहां अक्सर वाहन आमने-सामने खड़े हो जाते है। जिससे वाहन चालकों को बार-बार जाम जैसे हालातों से दो-चार होना पड़ता है। वर्तमान की स्थिति में चौक-चौराहों की चौड़ाई काफी कम है। चौराहे सकरे होने की वजह से आए दिन सडक पर जाम लगने की स्थिति बनती है। खासकर लल्ली चौक, गंज चौक, अंबेडकर चौक सहित अन्य शामिल है। योजना के तहत सभी सातों चौराहों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। वर्तमान की अपेक्षा इन्हें और अधिक चौड़ा किया जाएगा ताकि आवागमन बेहतर तरीके से हो सके।

### प्रस्ताव रखा जाएगा...

मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के तहत शहर के चार चौक-चौराहों का चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण होना है। इसके अलावा अन्य चौक के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव पीआईसी की बैठक में रखा जाएगा। वहीं गांधी चौक में पार्किंग भी बनना है। संकेतक भी लगाए जाएंगे।

**नीरज धुर्वे,** एई, नगरपालिका बैतूल।

## बंदरों को पकड़कर शहर से दूर जंगलों में सुरक्षित छोड़ा, चार वार्डों में अभियान

# नपा ने पकड़े 26 से ज्यादा लाल मुंह के बंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी

नगरपालिका परिषद सारणी द्वारा शहर में बंदर पकडक़ने का अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। पिछले तीन दिनों में नगरपालिका ने चार वार्डों में अभियान चलाकर 26 से ज्यादा लाल मुंह के बंदरों को पकड़ा है। इन्हें शहर से दूर जंगलों में सुरक्षित छोड़ा गया।



कलेक्टर बैतूल से मिले निर्देशानुसार नगरपालिका की टीम ने वन विभाग के साथ मिलकर लाल मुंह के बंदरों को पकडऩे का अभियान चलाया है। नगरपालिका की टीम ने 20 मार्च को वार्ड 9 मठारदेव कॉलोनी से 9 लाल मुंह के बंदर पकड़े। वहीं इसी दिन वार्ड 5 से 5 बंदरों को पकड़ा गया। शनिवार 22 मार्च को नगर पालिका की टीम ने वार्ड 29 पाथाखेड़ा से 9 बंदरों को पकडक़र जंगल में छोड़ा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बताया कि बंदरों को एक्सपर्टस से पकड़वाने के लिए नपा ने अल्पकालीन निविदा जारी की है। एक्सपट्र्स की टीम इन्हें पकडक़र शहर से बाहर 25 किमी दूर छोडक़र आएगी। टेंडर होते ही इस काम में तेजी आएगी। उन्होंने आम लोगों से आग्रह किया है कि वे बंदरों को किसी भी तरह की खाद्य सामग्री ना देवें। साथ ही अपने घरों के आस-पास खाद्य सामग्री ना फेंके। घरों से निकलने वाला कचरा भी वार्ड में पहुंचने वाले नगर पालिका के कचरा वाहन में ही डालें।

### हिडली के जंगल में मिला अज्ञात शव, नहीं हो पाई शिनाख्त

**बैतूल।** आठनेर थाना क्षेत्र के हिड़ली के पास ठेसका के जंगल में शनिवार को पुलिस ने एक अज्ञात शव बरामद किया है। जंगली जानवरों के शव के अंगों को खा लिए जाने के कारण उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव की पहचान सुनिश्चित करने के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा। शनिवार को ठेसका के जंगल में फॉरेस्ट गार्ड को शव दिखाई देने की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस बल मौके पर पहुंचा। घटनास्थल से काले कपड़े में लिपटा हुआ शव बरामद किया गया। एएसपी कमला जोशी ने बताया कि शव का चेहरा नहीं है, सिर्फ काली पैंट में पैर और हाथ का कुछ हिस्सा मिला है। शव की पहचान के लिए फॉरेंसिक एक्सपर्ट की सहायता से जांच करवाई गई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए आठनेर भेजा गया है, जहां डीएनए परीक्षण के लिए सैंपल लिए जा रहे हैं।

### एक ही परिवार के तीन सदस्य बने अधिवक्ता

**बैतूल।** अधिवक्ताओं के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए होने वाली ऑल इंडिया बार एग्जामिनेशन के परिणाम घोषित हुए हैं जिसमें एक ही परिवार के तीन सदस्य सफल हुए हैं। इस परीक्षा में विक्रम सिंह उइके, प्रिया उइके और हिमांशु सरियाम को सफलता मिली है। विक्रम सिंह उइके सेवानिवृत्त अधीक्षिका श्रीमती लक्ष्मी उइके के पुत्र हैं और इनके भाई पुष्पराज सिंह उइके और बहू श्रीमती रूपाली राज उइके प्रथम श्रेणी मजिस्ट्रेट हैं। सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी राजेंद्र उइके और शिक्षिका श्रीमती पुष्पा उइके की सुपुत्री प्रिया उइके इसके अलावा शिक्षक मुकेश सरियाम और शिक्षिका श्रीमती रेखा सरियाम के पुत्र हिमांशु सरियाम ने इस कठिन परीक्षा को पास कर अधिवक्ता रजिस्ट्रेशन में सफलता हासिल की है। इस एग्जाम को पास करने वाले ये तीनों सदस्य देश की किसी भी अदालत में प्रैक्टिस कर सकते हैं।

## जहरीली शराब पीने की आशंका

# ग्राम तरोड़ा में ससुर और जमाई की एक साथ हो गई संदिग्ध मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

थाना क्षेत्र के ग्राम तरोड़ा बुजुर्ग में ससुर और जवाई दोनों की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात को ससुर और जमाई दोनों साथ में शराब पीने गांव में गए थे। शराब पीकर जब वह वापस आए तो 10 मिनट बात करने के बाद दोनों बेहोश हो गए।

परिजन उन्हें तुरंत ही मुलताई के एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए, जहां से उन्हें मुलताई के सरकारी अस्पताल में रेफर किया गया जहां पर डॉक्टरों ने अस्पताल में दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। इधर सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है वहीं परिजनों से पूछताछ कर रही है। मृतक की पत्नी बिंदु बेले का कहना है कि दोनों शराब पीने गए थे और वहां से आने के बाद बेहोश हो गए। डॉक्टर पंचम सिंह ने बताया कि तरौला तरोड़ा बुजुर्ग निवासी मानकराम पिता साहेबराव बेले 54 और बलराम पिता आनंदराव बगाहे जमाई 40 साल दोनों साथ में गांव में ही कच्ची शराब पीने गए थे। कच्ची शराब पीकर आने के बाद वे घर गया। मृतक मानकरम की पत्नी बिंदु बेले ने बताया कि उनके पति गांव में गए थे और घर आकर उन्होंने बातचीत की, लेकिन अचानक वह बेहोश हो गए। इसके बाद दोनों को निजी वाहन से उन्होंने मुलताई की एक निजी अस्पताल लाया, जहां हालत खराब होने के बाद उन्हें मुलताई के सरकारी अस्पताल भेजा गया था। सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। इधर थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया कहना है कि फिलहाल मर्ग कायम किया गया है और जांच की जा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकेगा।

### डॉक्टर ने कहा- पीएम में नहीं मिली संदिग्ध चीज

दोनों शवों का पोस्टमॉर्टम करने वाले बीएमओ डॉक्टर पंचम सिंह ने बताया है कि पीएम के दौरान कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है। दोनों शवों के बिसरा को जांच के लिए भिजवाया गया है। शराब जहरीली हो सकती है या फिर किसी का रिएक्शन हो सकता है। कल (रविवार) शाम तक पीएम रिपोर्ट तैयार कर देंगे। वही फोरेंसिक बिसरा की जांच आने पर स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### पुलिस ने कहा- मृतक के घर से एक्सपायरी डेट की शराब बरामद

पुलिस की थ्योरी जो बात सामने आई है, उसमें दावा किया जा रहा है कि ससुर भगत मानक और दामाद बलराम बगाहे की मौत जहरीले शराब से नहीं हुई है। बोरदही थाना प्रभारी राधेश्याम बट्टी ने बताया कि गांव में शराब बेचने वाले बद्री के यहां जांच में तेल की केन में वहां पर 1 लीटर शराब मिली थी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार वृद्धा की मौत

**बैतूल।** एक कार की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान वृद्धा भुजली बाई की जिला अस्पताल में मौत हो गई, जबकि उनका बेटा अभी भी अस्पताल में भर्ती है। हादसा कोलगांव के पास हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार हथनाझिरी निवासी भुजली बाई (65) शुक्रवार को अपने बेटे बंटी के साथ बाइक पर बेटी के गांव बड़ौरी जा रही थीं। कोलगांव के पास एक कार ने रॉन्ग साइड से आकर उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में मां-बेटे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से दोनों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान भुजली बाई ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मृतका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतका के एक बेटा और एक बेटी हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## 44 वर्षों की सेवा का अनुभव किया

# मातृ छाया पहुंचकर पूर्व डीजीपी महेंद्र ने की सेवा भारती के कार्यों की सराहना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल के मातृ छाया में 21 मार्च को समाजसेवी एवं पूर्व डीजीपी महेंद्र शुक्ला और उनकी धर्मपत्नी आशा शुक्ला का आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने मातृ छाया में निवासरत शिशुओं और यशोदाओं से आत्मीय बातचीत की। बच्चों के साथ भजन और आरती में भाग लिया और उनके संग बिताए पलों को अत्यंत आनंददायक बताया। इस मौके पर सेवा भारती बैतूल के अध्यक्ष मुकेश खंडेलवाल, सचिव दिपेश मेहता, मातृ छाया के सदस्य सरबजीत वालिया, पूनम खंडेलवाल, शीला दुबे, आनंद धाम के अध्यक्ष कश्मीरी लाल बत्रा, कोषाध्यक्ष सचिन आर्य और मातृ छाया के प्रबंधक विवेक शर्मा मौजूद रहे।

महेंद्र शुक्ला और आशा शुक्ला ने सेवा भारती के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे पिछले 44 वर्षों से इस संस्था से जुड़े हैं और इसके माध्यम से समाज सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेवा भारती व्यक्ति के जन्म से लेकर मृत्यु तक हर वर्ग और श्रेणी के लिए कार्य करती है। ऐसे कार्यों को देखकर ईश्वर को पाने जैसी अनुभूति होती है और मातृ छाया जैसी सेवा बैतूल सेवा भारती कर रही है, जो वास्तव में एक दिव्य कार्य है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया।

## इलेक्ट्रम इंस्टिट्यूट ने नवाजा

# मरोपरांत स्वतंत्रता संग्राम पंडित पूरन प्रसाद मिश्र को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के गुरूद्वारा रोड पर कृष्णा काम्प्लेक्स में स्थित प्रसिद्ध कोचिंग क्लास इलेक्ट्रम इंस्टिट्यूट बैतूल द्वारा समाजसेवी अनिरूद्ध मिश्रा (गुरुजी) के दादाजी स्वतंत्रता संग्राम पंडित पूरनप्रसाद मिश्र को मरोपरांत सम्मानित किया गया।



दरअसल पंडित पूरनप्रसाद मिश्र द्वारा सन 1857 में अंग्रेजों के अत्याचारों के विरुद्ध उठे विद्रोह में मंगल पांडे के नेतृत्व में कान्यकुब्ज बटालियन के सैनिक के रूप में विद्रोही सैनिक की भूमिका निभाई, जब यह विद्रोह असफल हो गया और अंग्रेजों ने पूरी बटालियन के सैनिकों को मृत्यूदण्ड देने का फरमान जारी किया, तब सभी विद्रोही सैनिको ने भूमिगत होने का निश्चय किया। पूरणप्रसाद मिश्र ने बैतूल जिले के सांईखेड़ा ग्राम के निवासी भवानी प्रसाद, देवी प्रसाद उपाध्याय के घर उनके संरक्षण में रहें। पंडित पूरण प्रसाद मिश्र के प्रपोत्र मनोहरलाल मिश्र, जिनका जन्म 15 जनवरी 1906 को हुआ, मनोहर लाल मिश्र ने भारत के स्वाधीनता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई।

## मप्र जअप ने मनाया विश्व जल दिवस

# जल संगोष्ठी, जल स्रोतों का स्वच्छता अभियान, जागरुकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

विश्व जल दिवस के अवसर पर जिले में शनिवार को मप्र जन अभियान परिषद बैतूल की नवांकुर संस्थाओं, आदर्श ग्राम, प्रस्फुटन समिति, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्रों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया गया। बैतूल जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी ने बताया कि इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व जल दिवस 2025 का विषय ग्लेशियर संरक्षण निर्धारित किया गया हैं।

जलवायु परिवर्तन एवं वैश्विक जल संकट से निपटने के लिए जागरूकता हेतु विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। घोडाडोंगरी ब्लॉक में विकासखंड समन्वयक संतोष सिंह राजपूत के नेतृत्व में आदर्श ग्राम बज्जरवाडा में प्रस्फुटन समिति एवं ग्राम वासियों



के साथ में पुराने जल स्त्रोतों जिसमें कुओं एवं स्टाप डेम, बोल्डर डेम, हेंडपम्पो की सफाई की गई। इसके अलावा आठनेर ब्लॉक में ब्लॉक समन्वयक मधु चौहन के नेतृत्व में आदर्श ग्राम हिवरा, हिडली सेक्टर में वडाली ग्राम में जल के महत्व से ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से जल संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पट्टन ब्लॉक में ब्लॉक समन्वयक राधा बरोदे के नेतृत्व में आदर्श ग्राम शेरगढ बोरगांव में नलकूप के पास स्वच्छता अभियान एवं जल संगोष्ठी व दीवार लेखन किया गया।

## प्रबंधन के तीन अधिकारी असुरक्षा की भेंट चढ़े थे

# वेकोलि पाथाखेड़ा घटना का जिम्मेदार कौन, जांच जारी?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारणी

वेस्टर्न कोलफील्ड एरिया पाथाखेड़ा ने कोल खनन में कई कीर्तिमान रचे हैं और हमेशा से पाथाखेड़ा कोल माइंस एरिया में सुरक्षा को ध्यान में रखकर कोल खनन किया गया। पाथाखेड़ा कोल माइंस एरिया में वेस्टर्न कोल फील्ड एरिया स्तर पर सुरक्षा सप्ताह मनाया जाना था, जिसकी तैयारियां बड़े स्तर पर शुरू हो चुकी थी। मुख्यालय से कार्यक्रम के लिए अलग से बजट भी जारी हो चुका था, परंतु सुरक्षा सप्ताह के कुछ दिन पूर्व ही प्रबंधन के तीन अधिकारी स्तर के कोल कर्मी असुरक्षा की भेंट चढ़ गए ।

पाथाखेड़ा कोल माइंस एरिया में सुरक्षा को ध्यान में रखकर ही कोल खनन किया जाता रहा है, फिर भी छतरपुर वन खदान में सुरक्षा सप्ताह के पूर्व खदान में असुरक्षा के कारण एक माइनिंग इंजीनियर, एक माइनिंग सरदार और एक सुपरवाइजर ऐसे तीन कोल कर्मियों की जान चले जाना कोल इंडिया कंपनी में कार्यरत कर्मियों की सुरक्षा पर सवालिया निशान हैं। कोल कंपनी में



कार्यरत कोल कर्मियों की सुरक्षा की जवाबदारी स्थानीय प्रबंधन और प्रबंधन के मुखिया की होती है, हालांकि यह जांच का विषय है कि जिम्मेदार कौन है? प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त घटना रुफपाल के कारण हुई। इसके लिए जिम्मेदार खदान में कंटीन्यूअस माइनर मशीन का संचालन करने वाली जाय कंपनी भी हो सकती है। जाय कंपनी द्वारा अक्सर परमिशल लिमिट से ज्यादा कोल खनन किया जाता है। जब कंटीन्यूअस माइनर मशीन कोल खनन करती है, उसके बाद सपोर्टिंग मशीन द्वारा खनन हुए एरिया में सपोर्टिंग की जाती है, परंतु इस बार शायद तत्काल सपोर्टिंग नहीं की गई। मूलत कोलकाता की जाय कंपनी ने पाथाखेड़ा क्षेत्र में कार्य आरंभ के दौरान से ही स्थानीय मजदूरों का शोषण शुरू कर दिया गया था। स्थानीय मजदूरों से 12 घंटे काम कराकर 8 घंटे का ही वेतनमान दिया जाता रहा है जिसके कारण मजदूर शोषण का शिकार है और जाय कंपनी में कार्यरत मजदूरों ने इस संबंध में पूर्व में भी प्रदर्शन किया है। कंपनी द्वारा लेबर सप्लाई का कार्य शहडोल जिले के कॉन्टैक्टर शिवेंद्र सिंह को दिया गया है एवं शिवेंद्र सिंह द्वारा स्थानीय मजदूरों से 8 की जगह 12 घंटे काम कराया जाता है और उन्हें माह में 15-17 दिन ही काम दिया जाता है। इस प्रकार कोल ठेका मजदूरों का तो शुरू से ही शोषण किया जाता रहा है परंतु अब कंपनी के लापरवाही के कारण कोल कर्मियों की जान चली गई। स्थानीय अधिकारियों की काल डिटेल्स निकली जाए तो जल्दी ही घटना के लिए जिम्मेदारों तक पहुंचा जा सकता है। इस गंभीर घटना की जांच के लिए वेस्टर्न कोल फील्ड मुख्यालय से डायरेक्टर जनरल का माइंस सेफ्टी ने भी स्थल निरीक्षण किया।



### युवाओं को रोजगार दिलाने जिले में स्थापित किए जाएंगे बड़े उद्योगः हेमंत खंडेलवाल

**बैतूल।** पीएम नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से समाज का हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। अब गॉव से लेकर नगरों और महानगरों तक हर क्षेत्र मे तरक्की नजर आ रही है। बैतूल जिले में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के बाद मेरी प्राथमिकता अब युवाओं को रोजगार दिलवाने की है। बैतूल जिले में बिजली, पानी और आवागमन की सुलभता एवं शांतिपूर्ण माहौल से यहॉ औद्योगीकरण की अपार संभावनाए है । मेरा प्रयास है कि जिले में बडे उद्योग स्थापित करवाए जाए। जिससे युवाओं को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिले । युवाओं के स्किल डवलपमेंट के लिए भारत सरकार के सहयोग से स्किल डव्हलमेंट ट्रेनिंग सेंटर खुलवाने के प्रयास भी किए जा रहे है। विधायक हेमन्त खण्डेलवाल ने उक्त बाते बैतूल विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में विकास कार्यो के भूमिपूजन कार्यक्रमो में ग्रामीणों के साथ संवाद के दौरान कही।


## कार्यालय नगर परिषद बैतूल बाजार जिला - बैतूल (म.प्र.)

क्रमांक / लो.नि.शा/2025/255 — बैतूल बाजार, दिनांक 18.03.2025

निविदा सूचना

(प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025 _UAD_ 410982_ 1 21-03-2025 | निकाय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में टीन शेड, सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य बैतूल बाजार जिला बैतूल। | 1. 60 दिन 2. 4.47 लाख | 1. 2000/- 2. 4,475/- | 05.04.2025 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेंगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद बैतूल बाजार**
**जिला बैतूल (म.प्र.)**

## राज्यमंत्री पटेल, सांसद चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया और विधायक वीजयपाल सिंह मौजूद रहे

# 9 करोड़ 19 लाख रुपए की लागत से बनने वाले, 50 बिस्तर के सिविल अस्पताल का किया गया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शनिवार को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल द्वारा 9 करोड़ 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाले 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल तथा ग्राम सोनपुर में 65 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शासकीय अस्पताल सोहागपुर प्रांगण में किया गया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में संचालित शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन कर इसे सिविल अस्पताल में परिवर्तित किया जा रहा है,



जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग म.प्र. के राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में लोक सभा सांसद नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र दर्शन सिंह चौधरी एवं राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया शामिल रहे। साथ ही, कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि प्रीति शुक्ला रहीं।

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया राज्य स्तरीय विधायक ट्रॉफी कबड्डी स्पर्धा का शुभारंभ

सोहागपुर। भाजपा जन विकास खेल भावना जैसे करती है, जिसमें परिणाम के बाद सबके विकास की भावना प्रमुख होती है। कोई विरोधी या करीबी नहीं होता, सब बराबर माने जाते हैं। खेल मैदान में भी खिलाड़ी जीत-हार तक प्रतिद्वंदी हैं, लेकिन उसके बाद सभी साथी हैं। उक्त बात मध्य प्रदेश शासन स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने शनिवार शाम 7:00 बजे राज्य स्तरीय विधायक ट्रॉफी कबड्डी प्रतियोगिता के उद्घाटन में कही। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि सोहागपुर भाजपा परिवार की ओर से महिला एवं पुरुष वर्ग में कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसका उद्घाटन मैच रामनगर तथा मुड़ियाखेड़ा की टीमों के मध्य खेला गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम दो दिवस बालक एवं बालिका वर्ग की जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता होगी। और अगले तीन दिन बालक एवं बालिका वर्ग की राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। सोहागपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं प्रतियोगिता की जानकारी दी। इस दौरान राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, सोहागपुर नपाध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, सुरेश पटेल, निखलेश चतुर्वेदी, भगवान सिंह पटेल, सोहागपुर भाजपा मंडल प्रतिनिधि विजय नन्नू छाबड़िया, अभय खंडेलवाल, रामकिशोर जायसवाल, शंकरलाल मालवीय, अभिनव पालीवाल, नीरज यादव, डॉ. अरविंद सिंह चौहान खेल अकादमी अध्यक्ष हमीर सिंह चंदेल, सौरभ तिवारी, एकम राजपूत, अंकुश जासवाल एवं अन्य नेता कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पवन सिंह चौहान ने किया। लोक स्वास्थ्य चिकित्सा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के उन्नयन उपरांत सिविल अस्पताल की सौगात का भूमिपूजन किया। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भूमिपूजन आयोजन किया गया। विधायक विजयपाल सिंह ने बताया कि सोहागपुर विधानसभा मुख्यालय पर 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल बनाया जाएगा। विधायक सिंह के अनुसार सिविल अस्पताल की लागत 9 करोड़ 19 लाख रुपए होगी। इसके अलावा ब्लॉक के ग्राम सोनपुर में 65 लाख रुपए लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र निर्माण होगा। इसका भूमिपूजन भी मंत्री सहित अन्य अतिथियों ने किया।

## सेमरी में होली मिलन समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में पहुंचे राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी

**सेमरी हरचंद।** लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की सरकार बेहतरीन एवं उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदेश के हर नागरिक तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष प्रदेश के आम बजट में से लगभग 22 हजार करोड़ रुपए केवल स्वास्थ्य सेवाओं के लिए निश्चित किया गया है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है की 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित किया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाए जाने के लिए उनके द्वारा आयुष्मान भारत योजना प्रारंभ की गई तथा देश के विभिन्न स्थानों में आयुष्मान मंदिर भी स्थापित किए गए हैं। इस दौरान उन्होंने सोहागपुर विधायक श्री विजयपाल सिंह की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह उनकी सक्रियता का ही प्रतिफल है कि क्षेत्र को पूर्व में उप स्वास्थ्य केंद्रों एवं वर्तमान में सिविल अस्पताल तथा अन्य सुविधाएं निरंतर प्राप्त हो रही है। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल ने अपने जन्म स्थान का



उल्लेख करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है कि सिविल अस्पताल की सौगात हमारे क्षेत्र को ही मिल गई है क्योंकि मेरा जन्म स्थान भी नर्मदापुरम जिले के सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के निकट ही है। स्वास्थ्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जिस प्रकार श्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र से विकास की गंगा बहाई है, उसका उतना ही लाभ सोहागपुर क्षेत्र को भी मिल रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री पटेल ने बताया कि वर्तमान में प्रदेश में 30 मेडिकल कॉलेज संचालित हैं और 12 और मेडिकल कॉलेजों को पीपीपी मोड पर खोलने की योजना है। सरकार का लक्ष्य है कि भविष्य में प्रदेश में 50 से अधिक मेडिकल कॉलेज संचालित किए जाएं ताकि राज्य को अधिक प्रशिक्षित डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी मिल सकें। उन्होंने बताया कि आज के कार्यक्रम के दौरान सोनपुर के उप स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन भी किया गया है जिसमें एएनएम एवं सीएचओ के केंद्र पर ही निवास की व्यवस्था रहेगी। कार्यक्रम के दौरान मंच के माध्यम से मंत्री श्री पटेल ने कहा कि शासन की व्यवस्थाओं को और अधिक सुगम एवं सुचारू बनाने के लिए समाज के लोगों को भी योगदान देना चाहिए, उन्होंने कहा कि मंत्री, विधायक, सांसद भी समाज के ही घटक हैं।

नगर के सोहागपुर रोड स्थित वृंदावन गार्डन में भाजपा मंडल सेमरी हरचंद मैं होली मिलन समारोह एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने भाजपा के विजय अभियान के पीछे बूथ स्तर के कार्यकर्ता की अथक मेहनत का फल बताया। कार्यक्रम में सांसद दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद माया नारोलिया भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला भी उपस्थित थी कार्यक्रम की अध्यक्षता सोहागपुर विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने की। मंत्री पटेल ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता गुरु गोविंद सिंह के उस वाक्य की याद दिलाता है कि सवा लाख से एक लड़ाऊं तबै गुरु गोविंद सिंह नाम कहांउ भाजपा को सत्ता तक पहुंचने में करोड़ों करोड़ बूथ कार्यकर्ताओं की मेहनत का अथक प्रयास है। वही अपने अध्यक्ष उद्बोधन में क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि एक-एक कार्यकर्ता की मेहनत पार्टी के प्रत्येक कार्यक्रम को संपन्न करती है। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त पूर्व शिक्षिका प्रतिभा साहू को भाजपा की सदस्यता अतिथियों द्वारा दिलवाई गई। होली मिलन समारोह में उपस्थित अतिथियों का स्वागत विस्थापित ग्रामों से आए पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासियों लोक नृत्य करते हुए अतिथियों को मंच तक लेकर आए क्षेत्रीय विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह ने बताया कि सतपुड़ा टाइगर रिजर्व से विस्थापित ग्रामों के आदिवासियों की सुविधा के लिए मुख्य अतिथि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री माननीय नरेंद्र शिवाजी पटेल ने 65 लख रुपए की लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है तथा जल्द ही विस्थापित ग्राम वासियों को अपने ही क्षेत्र में स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं प्राप्त होगी। कार्यक्रम को सांसद दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद माया नारोलिया भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा किसान मोर्चा महामंत्री निखिलेश चतुर्वेदी आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष सुरेश भाई साहब पटेल भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश नामदेव माखन नगर मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी सेमरी मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय मंगेश महेश्वरी महामंत्री राघव पटेल बी एम मीना शक्ति सिंह भदोरिया मनमोहन अग्रवाल रिंकू सोनी राधेश्याम सोनी हरिशंकर तिवारी आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बरसात के पहले कच्चे नालों का पक्का निर्माण जरूरी

### गंदगीयुक्त कच्चे नालों का पानी पहुंचता है घरों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



शहर में कई स्थानों पर कच्चे नाले हैं। जिनसे घरों का निस्तारी पानी बाहर जाता है। लेकिन इन कच्चे नालों को बरसात के पहले पक्का बनाने की मांग नागरिकों ने की है। ताकि बरसात में परेशानी ना हो।

नागरिकों के अनुसार शहर में कुछ स्थानों पर कच्चे नाले हैं। जिनमें बरसात के समय आसपास का पानी तीव्रता से आता है। तथा कीचड़युक्त व गंदगी से पटे नालों से बरसाती पानी का बहाव नहीं हो पता है। एवं इस स्थिति में कच्चे नालों का पानी नालियों से वापस लोगों को घर में पहुंचता है। अतः आवश्यकता है कि बारिश के मौसम के पहले कच्चे नालों को चिन्हित कर इनका सीमेंटीकरण किया जाए व पक्के गहरे नाले बनाए जाएं।

### गौतम वार्ड में परेशानी

गौतम वार्ड स्थित एक निजी कॉलोनी में नागरिकों द्वारा विकास शुल्क जमा करने के बाद नप सोहागपुर ने सड़क निर्माण शुरू किया है। अब कॉलोनी वासियों का कहना है कि 10 वर्षों से रहवासी सड़क व नाली ना होने से परेशान थे। सड़क बनी गई है तथा अब बड़ा नाला भी बनाया जाए।

ताकि प्रतिवर्ष बरसात में घरों में गंदा पानी पहुंचने की समस्या से नागरिकों को छुटकारा मिल सके। नागरिकों ने बताया कि बरसात के मौसम में गौतम वार्ड के इस कच्चे नाले का गंदा पानी लोगों के घरों में पहुंचकर जमा होता है, जिससे परेशानी होती है।

## जय स्तंभ के आसपास नगर परिषद में लगवाई गई रैलिंग



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नगर में पुराने ब्लॉक ऑफिस में भारत की आजादी के प्रतीक के रूप में जय स्तंभ बना हुआ है। जय स्तंभ की हालत कुछ वर्ष पूर्व तक बहुत खराब थी। जहां लोग बैठकर नशाखोरी करते थे। इसके बाद विभिन्न सामाजिक संगठनों की मांग पर नगर परिषद व जपं की ओर से जय स्तंभ सौंदर्यीकरण के कार्य शुरू हुए। सबसे पहले यहां पेबल्स लगाए गए थे। और अब नगर परिषद की ओर से जय स्तंभ के चारों ओर रैलिंग भी लगाई जा रही है। शनिवार दोपहर रैलिंग लगाने का कार्य जारी था।

मामले में नगर परिषद अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, सीएमओ जीएस राजपूत व उपयंत्री आरजी चौबे ने बताया कि जय स्तंभ के आसपास सौंदर्यीकरण के जो भी संभावित कार्य हो सकते हैं, वे किए जाएंगे।

## अंतरराष्ट्रीय विश्व जल दिवस पर नवांकुर संस्था ने किया संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था द्वारा माखन नगर के सेक्टर क्रमांक 04 के अंतर्गत ग्राम माना गाँव में अंतराष्ट्रीय विश्व जल दिवस के उपलक्ष में संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था प्रमुख नीतिराज सिंह यादव ने ग्रामीण जनों को



संबोधित करते हुए कहा कि जल की एक-एक बूंद को बचाना है। जितनी तेजी से हम पानी का अनावश्यक रूप से उपयोग कर रहे हैं। उतनी ही तेजी से जल संकट हमारे सामने आने वाला है। हम सभी को मिलकर जल का संरक्षण करना है। कार्यक्रम के उपरांत परामर्शदाता सुरेश यादव ने सभी ग्रामीण जनों को जल संरक्षण के प्रति शपथ दिलाई। इस अवसर पर भगवानदास यादव (कृषि समिति सभापति जनपद पंचायत माखन नगर), नीतिराज सिंह यादव (नवांकुर संस्था प्रमुख), सुरेश यादव (सेक्टर प्रभारी परामर्शदाता), यशवंत यादव (पूर्व सरपंच), वीरेंद्र यादव (शिक्षक), राधेश्याम मालवीया, हरिनारायण, गणेश, सूरज, राजू, संतराम, जितेंद्र यादव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### स्वर्गीय एसपीएस यादव के निवास ग्राम आंख मऊ पहुंच अरुण यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**माखन नगर।** विगत दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय शरद यादव के बड़े भाई पूर्व शिक्षा अधिकारी सत्येंद्र प्रसन्न यादव का लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया शनिवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण यादव, एवं पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, कांग्रेस नेता पुष्पराज पटेल, यशवंत सिंह राजपूत ने उनके निवास पर पहुंच कर स्वर्गीय यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की एवं परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की ईश्वर परिवार को इस दुख की घडी को सहन करने की शक्ति प्रदान करे ब्लॉक एवं नगर के अनेक पदाधिकारियो ने भी स्वर्गीय यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।



## अंतर्राष्ट्रीय जल दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर




माखन नगर के सेक्टर 1 में अंतरराष्ट्रीय जल दिवस के उपलक्ष में सूर्योदय सामाजिक संस्था द्वारा ग्राम शुक्करवाड़ा फॉर्म में जल संगोष्ठी, जल बचत संकल्प आदि का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों से आवाहन किया गया कि भूमिगत जल को हम कैसे बचा सकते है। वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एवं सोखते गड्ढे से कैसे भूमिगत जल मैं वृद्धि कर सकते हैं विस्तार से वर्णन किया गया। सरपंच एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद से परामर्शदाता पूनम मीणा एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## ग्राम आरी में मां कर्मा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनेगा, होंगे आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

ग्राम आरी साहू समाज की बैठक श्री राम जानकी मंदिर आरी मै संपन्न हुई केशव साहू ने बताया जिसमें समस्त साहू समाज द्वारा सर्वसम्मति से निर्णय हुआ। 25 मार्च दिन मंगलवार को माँ कर्मा जी का जन्मोत्सव बड़े ही भव्य रूप से मनाया जाएगा मां कर्मा देवी जी की पूजन आचार्य श्री देवेंद्र कृष्ण शास्त्री जी द्वारा संपन्न होगी कार्यक्रम निम्न अनुसार है पुराना बाजार आरी में माँ कात्यानी धाम मंदिर से 11 कलशिय यात्रा निकाली जाएगी, शाम 5:00 बजे समस्त साहू समाज अपने परिवार सहित कलश यात्रा में सम्मिलित होने के लिए पहुंचेंगे। कलश यात्रा मां कात्यानी धाम से श्री राम जानकी मंदिर में ढोल बाजे के साथ पहुंचेंगी।कलश यात्रा आगमन श्री राम जानकी मंदिर में मां



कर्मा देवी जी की पूजन आरती समस्त साहू समाज के घर से माताएं बहनों द्वारा मां कर्मा जी के लिए छप्पन भोग से मैया का पूजन होगा। मां कर्मा जी के आरती के लिए समस्त साहू समाज परिवार अपने घर से श्रद्धा अनुसार आरती के लिए दीपक थाली स्वयं लेकर आएंगे। मां कर्मा देवी की संपूर्ण पूजन के बाद प्रसाद( खिचड़ी) का वितरण होगा साहू समाज ग्राम आरी समस्त सामाजिक बंधुओं से अपील की है कार्यक्रममें शामिल हो कर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### आनंद के आयाम में शामिल हुए विश्वकर्मा




पचमढ़ी। अंतर्राष्ट्रीय खुशी दिवस के अवसर पर 20 मार्च 2025 को मिंटो हॉल ,कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी के मुख्य आतिथ्य में आनंद के आयाम विषय पर आधारित ₹नेशनल सेमिनार ऑन हैप्पीनेस₹ में ओमप्रकाश विश्वकर्मा ने नर्मदापुरम जिले की ओर से सहभागिता की।

## सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने लोस में उठाया जल संरक्षण का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

होशंगाबाद नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के नवनियुक्त सांसद दर्शन सिंह चौधरी के द्वारा लोकसभा में अभी तक कई मुख्य मुद्दे उठाए गए हैं लेकिन अभी तक उन मुद्दों पर शासन स्तर पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। पहले उन्होंने रेत खनन अवैध शराब जैसी कई मुद्दे उठा चुके हैं लेकिन अभी तक पिपरिया विधानसभा क्षेत्र में अधिकारियों के द्वारा इस मामले पर कोई गंभीरता से कार्यवाही नहीं की है। विधानसभा में नल जल योजना की स्थिति काफी खराब है। अभी ठेकेदारों के द्वारा कार्य पूरे नहीं किए गए हैं ग्राम पंचायत सरपंच सचिव पर दबाव बनाकर उन्हें नल जल का कार्य सोप जा रहा है जबकि कहीं भी कार्य पूरी तरह से पूरे नहीं हुए हैं लगभग सभी जगह सड़क टूटी पड़ी हुई है अभी तक सड़कों का निर्माण भी नहीं कराया गया है डोकरी खेड़ा डैम आने वाले समय में मूंग की फसल को लेकर पानी नहीं है और अभी तक डैम के किसानों के द्वारा मांगी गई मांगों का कोई निराकरण नहीं किया गया है।

### शिव पुराण कथा का आयोजन जारी

## भगवान शिव ज्ञान के दाता हैं, उन्होंने व्याकरण को 14 सूत्र वेदों में समाहित किया : पं.शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पचमढ़ी रोड इतवारा बाजार में नवदुर्गा महोत्सव समिति एम दशहरा उत्सव समिति के द्वारा सामूहिक रूप से शिव पुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथा के दूसरे दिवस में पंडित नितेश शास्त्री के द्वारा बताया गया कि जो प्रत्यक्ष दिखाई देता है उसे आंखें देख रही हैं जो अप्रत्यक्ष दिखाई नहीं दे रहा है वह कानों से सुना जा सकता है ऐसा वेदव्यास ने वेदों में कहा है। उन्होंने कहा कि व्याकरण भगवान शिव के डमरू से उत्पन्न हुआ है भगवान शिव ज्ञान के दाता हैं शिव पुराण में 24000 श्लोक हैं पहला अध्याय में विदेश्वर से शुरू होता है शिव गुरु है त्रिलोक के शिव



के पसीने से मंगल और मां नर्मदा नदी का उद्गम हुआ है पृथ्वी की उत्पत्ति शिव के पैर से हुई है। तरह से उन्होंने दूसरे दिवस की कथा में व्याकरण से एक-एक शब्द को निकाल कर लोगों को बताया कि भगवान शिव ज्ञान के दाता हैं वह त्रिलोक के गुरु हैं उन्होंने व्याकरण के 14 सूत्र वेदों में भी समावेश किया है उन्होंने बताया कि पूरी दुनिया को ज्ञान का मार्ग भगवान शिव ने दिखाया है उन्होंने कलयुग द्वापर सतयुग त्रेता युग की कथा में भक्ति के स्वरूप को अलग-अलग समझाया उन्होंने कहा कि त्रेता युग में यज्ञ द्वापर में पूजा सतयुग में ध्यान और कलयुग में सिर्फ नाम की ही परंपरा है जिससे ही मनुष्य का कल्याण होता है। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एवं यजमान नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर पार्षद कौशल्या ठाकुर पुरुषोत्तम रघुवंशी मुकेश खटीक पिंकू छिपा सहित महिला मोर्चा की तमाम पदाधिकारी महिलाओं से पंडाल भरा हुआ था।

## गनेरा के सरपंच को दी गई जान से मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

सरपंच कृष्ण कुमार झा एवं ग्रामीणजनों द्वारा थाना माखन नगर पहुंच कर थाना प्रभारी को घर में घुसकर गंदी-गंदी गालियां एवं जांच से मारने की धमकी देने के सम्बंध में कार्रवाई के लिए आवेदन दिया है । सरपंच कृष्ण कुमार झा ने बताया ग्राम गनेरा में खसरा क्र. 297/4 रकवा लगभग 12 एकड़ जो कि ग्राम आवादी का खसरा है । जिसका सीमांकन दिनांक 21/03/2024 दो पटवारी एवं आर.आई. की संयुक्त टीम द्वारा किया गया था । उक्त सीमांकन में ग्राम के कलीराम अहिरवार द्वारा मौके पर 4 से 5 एकड़ जमीन पर कब्जा पाया गया था । सीमांकन से आक्रोशित होकर कलीराम द्वारा अपने परिवार के साथ शनिवार सुबह सुबह मेरे घर मे घुस कर मेरे साथ गाली गलौच की गई साथ ही उक्त मामले में हस्तक्षेप करने पर जान से मारने की धमकी दी गई । ग्राम गनेरा में आबादी की लगभग 12 एकड़ जमीन है जिसको भूमिहीन परिवारों को आवंटित किया जाना है एवं युवाओ के लिए खेल मैदान विकसित किया जाना है ।

लेकिन कब्जे धारियों द्वारा आबादी की भूमि पर खेती की जा रही है जिससे आर्थिक रूप से कमजोर भूमिहीन परिवारों को निवास हेतु भूमि आवंटित नही हो पा रही साथ ही युवाओं को खैल मैदान उपलब्ध नही करा पा रहे । सरपंच द्वारा ग्राम के विकास में निजि लाभ के चलते अड़चन पैदा करने बालो पर शासन प्रशासन से सख्त से सख्त कार्यवाही करने की माँग की गई । इस संबंध में थाना प्रभारी हेमंत निशोध ने बताया आवेदन पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## स्वच्छता अभियान के नाम पर ग्राम पंचायत में सरपंच परिवार के खाते में हो रहा है भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत सिलारी जो शहर से लगी हुई है यहां स्वच्छता इम्तिहान को लेकर अभी तक कोई प्रशासनिक टीम नहीं पहुंची है और सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वच्छता के नाम पर ग्राम पंचायत में महिला सरपंच होने के कारण उनके पति एवं पुत्र के खाते में लाखों रुपए का भुगतान प्रत्येक माह किया जा रहा है अभी तक लगभग 7 लाख रुपया स्वच्छता के नाम पर खर्च किया जा चुका है ब्लॉक की भरमार हो रही है मनरेगा के नाम पर भी मास्टर रोल भरे जा रहे हैं जबकि मनरेगा यह मांग आधारित योजना है लेकिन उसके बाद भी वहां पर बिलों की भरमार हो रही है मध्य प्रदेश में स्वच्छता अभियान को लेकर स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए कोई भी टीम अभी तक ग्राम पंचायत में नहीं पहुंची है लेकिन लगातार पिता पुत्र के खाते में भुगतान ग्राम पंचायत में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह भी बताया जा रहा है पंचपति एवं पुत्र के द्वारा सामग्री भी अपने वहां से लाई जाती है भाड़े का भुगतान भी अपने ही खाते में किया जा रहा है रेत मिट्टी गिट्टी सहित सभी भुगतान अपने ही खाते में किया जा रहा है यहां तक की मजदूरों का भुगतान भी पूरा उनके खाते में नहीं पहुंच रहा हैजबकि ग्राम पंचायत भवन के मुख्य द्वार पर ही दोनों तरफ गंदगी का ढेर लगा हुआ है लंबे समय से पंचायत की नाली साफ नहीं हुई है कचरा नहीं उठाया गया है लेकिन स्वच्छता के नाम पर प्रत्येक माह लाखों रुपया खर्च किया जा रहा है। वहीं अधिकारियों के द्वारा ग्राम पंचायत का दौरा नहीं किया गया है यदि दौरा किया है तो अभी तक किसी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई है ना ही मीडिया को अवगत कराया जाता है। लंबे समय से जनपद सदस्य जनपद अध्यक्षों की बैठक का पता नहीं है जनपद सदस्यों के वेतनमान का भुगतान नहीं किया गया है 3 माह तक ग्राम पंचायत के सचिवों के वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इस बारे में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमन खातिर कर से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत के सचिवों के वेतन का बजट आता हैजो बजट नहीं आया था इसलिए भुगतान नहीं हुआ है अभी बजट आ गया है जिसमें एक माह का भुगतान किया जा रहा है जनपद अध्यक्ष के लिए वहां पर उन्होंने बताया कि उनका निजी वाहन है सरकार के द्वारा अनुबंध नहीं किया गया है।

**खबर संक्षेप**

### हरदा जिला जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित

**हरदा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आदित्य सिंह ने म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 एवं संशोधित अधिनियम 2022 के तहत हरदा जिले को 31 जुलाई 2025 तक जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया है। जारी आदेश अनुसार सम्पूर्ण हरदा जिले में नलकूप व हैण्डपम्प के खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। अब बिना सक्षम अनुमति के कोई भी व्यक्ति प्रायवेट ट्यूबवेल या हैण्डपंप का खनन नहीं कर सकेगा और इस अवधि के दौरान बिना सक्षम अनुमति के जल स्त्रोतों से कृषि हेतु सिंचाई तथा औद्योगिक कार्य हेतु उपयोग नहीं किया जा सकेगा। आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाकर दंडित किया जायेगा। नलकूप खनन एवं सिंचाई की अनुज्ञा जारी करने के लिये संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अधिकृत किया गया है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि आगामी ग्रीष्मकाल में अत्याधिक गर्मी व तापमान संभावित होने के फलस्वरूप जल स्तर में अधिक गिरावट संभावित है। गिरते भू-जल स्तर को ध्यान में रखते हुये म.प्र. पेयजल परिरक्षण अधिनियम 1986 के तहत निजी नवीन नलकूप खनन तथा जल स्त्रोतों से सिंचाई पर यह प्रतिबंध लगाया गया है।

### सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किया टीकाकरण

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में शनिवार को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय रहटगांव की 9 से 14 वर्ष की 24 बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के विरूद्ध एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमलेश गौड़, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र परिहार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. हर्ष पटेल तथा विद्यालय की प्राचार्य सोनिया आनंद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि 9 से 14 साल की बालिका को एचपीवी वेक्सीन के 2 डोज देने होते है, जिससे ह्यूमन पैपिलोमा वायरस की वजह से होने वाले गर्भाशय के सर्वाइकल कैंसर से बचाव होता हैं।

### आशा कार्यकर्ताओं की प्रमाणीकरण परीक्षा आज

**हरदा।** राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की आशाकार्यकर्ताओं की प्रमाणिकरण परीक्षा आयोजित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि यह परीक्षा 23 मार्च को दोपहर 2:30 बजे से 4 बजे तक केन्द्रीय विद्यालय काशाीबाई कन्या पाठशाला हरदा में आयोजित होगी। परीक्षा में जिले के ग्रामीण क्षेत्र की 204 आशा कार्यकर्ता शामिल होंगी।

### दीनदयाल रसोई योजना का खाद्यान्न आवंटन

**सीहोर।** दीनदयाल रसोई योजना अंतर्गत अप्रैल के लिए हितग्राहियों को पका हुआ भोजन प्रदाय करने के लिए गेहूं चावल का आवंटन प्रदाय किया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि अनुविभाग सीहोर, आष्टा, बुधनी के लिए गेहूं 36.00 क्विंटल, चावल 9.00 क्विंटल प्राप्त हुआ है। आवंटन के आधार पर अनुविभाग सीहोर को गेहूं 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल, इसी प्रकार आष्टा को गेहूं 12.00 एवं चावल 3.00 क्विंटल अनाज दिया है।

## पटाखा फैक्ट्री दुर्घटना प्रभावित परिवारों को किया गया भुगतान

# एनजीटी के अनुसार 13 मृतकों के परिजनों को दी 21.50-21.50 लाख रुपए की मदद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

जिले के बैरागढ़ स्थित पटाखा फैक्ट्री में गत वर्ष हुई विस्फोट की दुर्घटना में 13 मृतकों के परिवारों में से प्रत्येक परिवार को 21 लाख 50 हजार रुपये की मदद दी जा चुकी है। जिसमें से एनजीटी के आदेश अनुसार 15 लाख, राजस्व पुस्तक परिपत्र से 4 लाख, प्रधानमंत्री सहायता कोष से 2 लाख तथा रेड क्रॉस से 50 हजार रूपये की सहायता शामिल है। यह जानकारी कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित पत्रकारवार्ता में मीडिया प्रतिनिधियों को दी। उन्होने बताया कि जिन 13 मृतकों के परिजनों को राशि का भुगतान किया गया है, उनमें प्रियांशु प्रजापति, अनुज कुचबंदिया, आबिद खान, अयाज खान, बानो बी, प्रमिला बाई चौहान, कैलाश परमार, जेबुन बी, पियुष पिता संजय, मुबिन खान, मुकेश बेलदार, रहिम पिता रौशन तथा उषा चंदेल शामिल है। इसके अलावा 9 मृतकों के परिजनों को संबल योजना के तहत 5-5 हजार रूपये तथा 1 मृतक के परिजन को 6 हजार रूपये की राहत राशि वितरित की गई।

कलेक्टर सिंह ने मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि एनजीटी के आदेश अनुसार मकान क्षति के लिए पीड़ितों को 97.18 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसके अलावा राजस्व पुस्तक परिपत्र के अंतर्गत मकान क्षति के लिये 57 मकान के लिये 1.20 लाख रूपये प्रति मकान के हिसाब से कुल 68.40 लाख रूपये, 2 दुकानों के लिये 12 हजार रूपये के मान से कुल 24 हजार रूपये, 123 मकानों के लिये 6500 रूपये के मान से 799500 रूपये एवं 2 मकानों के लिये 1.20 लाख रूपये के मान से 2.40 लाख रूपये स्वीकृत किये गये है। इस प्रकार मकान क्षति के लिये पीड़ितों को कुल 17621689 रूपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी है।

### राशि स्वीकृत हुई

कलेक्टर सिंह ने बताया कि इसके अलावा एनजीटी के आदेश अनुसार गंभीर रूप से घायल कुल 207 पीड़ितों में से 56 पीड़ितों को 333044 रूपये का भुगतान किया गया है। इसके अलावा राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत गंभीर रूप से 1 पीड़ित को 2.50 लाख रूपये, 7 दिवस तक भर्ती 23 पीड़ितों को कुल 3.68 लाख रूपये तथा 7 दिवस से कम भर्ती 38 पीड़ितों को कुल 205200 रूपये की राशि स्वीकृत किये गये है। इस प्रकार घायलों के उपचार के लिये कुल 1156244 रूपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी है।

### 59 परिवारों को 2.95 लाख स्वीकृत किए

कलेक्टर सिंह ने बताया कि इसके अलावा राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत खाद्यान्न एवं घरेलू सामग्री क्षतिपूर्ति मुआवजा के तहत 59 परिवारों को 5 हजार रूपये के मान से 2.95 लाख रूपये स्वीकृत किये गये। दुर्घटना में हुई पशु हानि के लिये 319500, फसल क्षति के लिये 6 किसानों को 64708 रूपये तथा मकान की आंशिक क्षति के लिये 46 लोगों को 1.84 लाख रूपये की सहायता स्वीकृत की गई है। इस प्रकार अन्य क्षति के लिये कुल राशि 863208 रूपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी है। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इस प्रकार अब तक पटाखा फैक्ट्री विस्फोट दुर्घटना में अब तक पीड़ितों को कुल 47601641 रूपये की राहत राशि वितरित की जा चुकी है।

## कलेक्टर ने दिए अफसरों को निर्देश

# राजस्व वसूली बढ़ाएं, प्रकरणों का निराकरण समय पर करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

किसानों की ई-केवायसी, आधार से खसरा लिंकिंग, नक्शा तरमीम जैसी कार्यवाही पूर्ण की जाए। सभी अधिकारी अपने क्षेत्र में फार्मर रजिस्ट्री, सीमांकन, नामांकन, बंटवारा तथा अभिलेख दुरूस्ती के प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें। यह निर्देश कलेक्टर आदित्य सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में राजस्व अधिकारियों को दिये।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा व संजीव नागू सहित जिले के सभी राजस्व अधिकारी भी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर सिंह ने सभी एसडीएम को निर्देशित किया कि अपने क्षेत्र अंतर्गत पटवारियों के कार्यों की नियमित रूप से समीक्षा करें। उन्होने निर्देशित किया कि गांवों में पटवारियों के माध्यम से फार्मर आईडी का कार्य पूर्ण करावें। उन्होने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि धारणाधिकार से संबंधित कोई भी प्रकरण लंबित न रहे। उन्होने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन व जनसुनवाई के प्रकरणों पर विशेष ध्यान दें।

### अवैध परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश

**सीहोर।** समर्थन मूल्य 2425+175 बोनस राशि सहित 2600 रुपये प्रति क्विंटल पर गेहूं उपार्जन कार्य शासन द्वारा निर्धारित अवधि 05 मई तक 2025 तक किया जाना है। कलेक्टर बालागुरू के. ने बताया कि जारी उपार्जन नीति अनुसार उपार्जन अवधि के दौरान पड़ौसी जिलों से उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय के लिए लाई जाने वाली उपज के अवैध परिवहन एंव बिकी की रोकथाम के लिए जिले में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अनुविभागीय अधिकारी वन तहसीलदार /नायब तहसीलदार को आदेशित किया जाता है, कि अपने क्षेत्रान्तर्गत जिले के बाहर से गेहूं के अवैध परिवहन करने वाले वाहनों का प्रवेश न हो।

## विश्व जल दिवस पर संगोष्ठी

# ग्लेशियर के पिघलने से प्रभावित हो रहा हमारा पारिस्थितिकी तंत्रः ब्रजेश रिछारिया




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

जन अभियान परिषद द्वारा विश्व जल दिवस पर ग्लेशियर संरक्षण को लेकर एक संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कवि मुकेश शाडिल्य एवं समाजसेवी ब्रजेश रिछारिया तथा प्रीतम तँवर ने माँ सरस्वती के चित्र पर पूजन अर्चन की। इस दौरान वक्ताओं द्वारा अपने विचार रखे।

री तँवर द्वारा जलसंरक्षण पर कविता के माध्येम से छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। समाजसेवी ब्रजेश रिछारिया ने कहा कि ग्लेशियर के पिघलने से हमारा पारिस्थितिकी तंत्र प्रभावित हो रहा है। मुख्य अतिथि मुकेश शांडिल्य ने बताया कि हमारे हिमालय से तेजी से ग्लेशियर पिघल रहे हैं जो मौसम में परिवर्तन के कारण हो रहा है। हमें प्रकृति का संरक्षण एवं संवर्धन करना होगा। आभार अनुपम भारद्वाज द्वारा व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रवीण चौरसिया, विष्णु कटारे, नीरज कौशल, सलोनी पटवारे, रितेश शिवपुरे, आयुषी गुर्जर, योगराज राजपूत, भानु सेजकर, रघुवीर चौरे, आकाश यादव, आदित्य गौर, सागर उईके, प्रभात पंचेश्वर, तृप्ति तारे, नेहा मालवीय, शिखा वर्मा, उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय बधिरता नियंत्रण व रोकथाम का दिया प्रशिक्षण

## समस्याओं को पहचान सिखाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा




शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में जिले के चिन्हित शासकीय स्कूलों के शिक्षकों को कान संबंधी समस्याओं को पहचानने संबंधी प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एच.पी.सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण के माध्यम से शाला शिक्षक बच्चों की श्रवण संबंधी समस्याओं को शीघ्र पहचानने में सक्षम होंगे व बच्चो को दिव्यांग होने से बचाने में सहायक सिद्ध होंगे। जिला चिकित्सालय हरदा के नाक, कान, गला विशेषज्ञ डॉ. राजेश सतीजा ने बताया कि श्रवण संबंधी समस्या को सही समय पर पहचान कर बधिरता को प्रारंभिक उपचार, हियरिंग एड, स्पीच थैरेपी एवं ऑपरेशन के माध्यम से रोका जा सकता है, इससे होने वाली दिव्यांगता को 50 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

प्रशिक्षण में डॉ. सतीजा ने कान के उपचार से जुड़ी भ्रांतियों के बारे में भी बताया कि कान में कभी भी गरम तेल नहीं डालना चाहिए गरम तेल डालने से बच्चों के कान का पर्दा फट सकता है और कान को गंभीर नुकसान पहुँच सकता है। गंदा पानी कान में नहीं जाना चाहिए एवं कान में कभी भी कोई नुकीली वस्तु, इयर बड आदि नहीं डालना चाहिए। कान में मैल होना सामान्य है, कान से किसी प्रकार का भी तरल या मवाद निकलने पर तुरंत चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। किसी बच्चे या वयस्क को कान पर नहीं मारना चाहिए इससे कान का पर्दा फट सकता है। सुनाई कम देना की शिकायत को गंभीरता से लेकर तत्काल चिकित्सक को दिखाना चाहिए। इस दौरान उन्होने कान की संरचना के बारे में भी बताया। प्रशिक्षण में डीईआईएम आशीष साकल्ले ने बताया कि बहरेपन और सुनने की क्षमता में कमीं की समस्या के बारे में जागरूकता बढ़ाने एवं दुनिया भर में कान और सुनने की देखभाल को बढ़ावा देने के लिए विभाग द्वारा कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शिक्षा विभाग के समन्वय से यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। शिक्षकों को राष्ट्रीय बाल एवं किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के बारे में भी बताया गया। ऑडियोलॉजिस्ट नीरज मालवीय ने डीईआईसी में कान से संबंधित जॉचों व केंद्र के माध्यम से दी जा रही सेवाओं के बारे में बताया। सभी शिक्षकों ने डीईआईसी भवन का भ्रमण कर फिज़ियोथैरेपी कक्ष के बारे में डॉ. पूजा मुकाती एवं डॉ. मनीराम उईके ने जानकारी दी। इस दौरान उमंग राज्य प्रशिक्षक पुरुषोत्तम राठौर सहित चिन्हित शालाओं के शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रथम चरण में 225 बच्चों की सेहत सुधरी

# ह्रदय अभियान 2.0 में अब जिले के 10 हजार बच्चे होंगे लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन में जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य, पोषण एवं शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए ह्रदय अभियान प्रारंभ किया गया था। इस अभियान के तहत बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिये प्रथम चरण में चयनित 50 ग्रामों के 225 बच्चों को फ्लेवर्ड मोरिंगा पावडर प्रदान किया गया।

इन गांवों के कुपोषित बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से ग्रेनुअल फार्म में फ्लेवड मुरंगा पावडर दूध के साथ आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सुपरविजन में प्रतिदिन दिया गया। उन्होने बताया कि तीन माह में सभी सामान्य श्रेणी में आ गये। फ्लेवर्ड मोरिंगा पाउडर और दूध आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से उपलब्ध कराया गया। अभियान के तहत पशु पालकों से स्वसहायता समूहों के माध्यम से दूध एकत्रित कर आंगनवाड़ी के बच्चों को प्रदाय किया जा रहा है। इसके बेहतर सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। जिले के इन चयनित ग्रामों के 225 सामान्य एवं मध्यम श्रेणी के कुपोषित बच्चों की सेहत में सुधार देखने को मिला है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि ह्रदय अभियान की सफलता को ध्यान में रखते हुए ह्रदय अभियान 2.0 प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले की सभी 220 ग्राम पंचायतों के लगभग 10 हजार बच्चों का लक्ष्य रखा गया है। इनमें मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों के साथ-साथ सामान्य श्रेणी के ऐसे बच्चे भी लिये जा रहे है जो कुपोषण की सीमा रेखा पर है। अभियान के तहत प्रत्येक कुपोषित बच्चे को 10 ग्राम फ्लेवर्ड मुनगा ग्रेनुअल पाउडर व दूध प्रतिदिन प्रदान किया जाएगा।

## जनपद सदस्य रिश्वत मामले में बर्खास्त, कलेक्टर ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



लोकायुक्त द्वारा रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़ी गई जनपद सदस्य अनिताबाई पति हरेसिंह को कलेक्टर कोर्ट ने पद से हटा दिया है। अनिताबाई, जो खंडवा जनपद के वार्ड क्रमांक 2 से निर्वाचित हुई थीं, पर सरपंच से 5% कमीशन मांगने का आरोप था। लोकायुक्त ने 20 मार्च 2024 को पिपलिया गांव में उनके घर पर छापा मारकर उन्हें और उनके पति हरेसिंह को 15,000 रुपए की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया था। इस मामले में लोकायुक्त की जांच के बाद कलेक्टर ऋषव गुप्ता की कोर्ट में सुनवाई हुई। अनिताबाई ने खुद को बेगुनाह बताते हुए कहा कि उन्हें साजिश के तहत फंसाया गया, लेकिन कोर्ट ने उनके तर्कों को खारिज कर दिया और पद से हटाने का आदेश जारी कर दिया।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने की कार्रवाई

# खंडवा में छापेमारी कर 61,980 रुपए का मिलावटी कोल्ड ड्रिंक्स किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा





खंडवा गर्मियों के मौसम को देखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला खंडवा ने मिलावटी खाद्य पदार्थों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। कलेक्टर ऋषभ गुप्ता के निर्देशानुसार मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी संजीव कुमार मिश्रा और खाद्य सुरक्षा अधिकारी राधेश्याम गोले ने छापा मारा।

गौरतलब हैं कि शुक्रवार को दोपहर 3:30 बजे सिंधी कॉलोनी, गली नंबर 5 स्थित खंडवा किराना पर छापा मारा गया। छापेमारी के दौरान सुपरवाइजर सनी कोगे मौके पर मौजूद थे, जबकि प्रोप्राइटर विजय चंचलानी की तबीयत खराब होने की बात बताई गई। प्रशासन को मौके पर बच्चों को बेची जाने वाली मिलावटी कोल्ड ड्रिंक्स और पेप्सी अलग-अलग फ्लेवर में पैक करते पाया गया। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह पूरा गोरखधंधा एक घर में ही गेट लगाकर संचालित किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करने पर पाया गया कि अस्वच्छ परिस्थितियों में इन पेय पदार्थों का निर्माण किया जा रहा था, जो स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक हो सकता है।

### छह प्रकार के पेय पदार्थों के सैंपल लिए

मैंगो मागा (125) आर के फूड्स (इंडिया), ऑरेंज मज़ा (125) आर के फूड्स (इंडिया), बालाजी पेप्सी (पाइनएप्पल फ्लेवर) पाउच, बालाजी पेप्सी (ऑरेंज फ्लेवर) पाउच, लवली पेप्सी (कोला फ्लेवर) पाउच, मेंगो पेप्सी (मेंगो फ्लेवर) पाउच

### नकली कोल्ड ड्रिंक व पेप्सी जब्त

कार्रवाई के दौरान कुल 34,716 नकली कोल्ड ड्रिंक व पेप्सी पाउच जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत 61,980 आंकी गई।

### जब्त किया गया माल इस प्रकार है

मैंगो मागा (125) 4,372 पैक बॉटल (21,860), ऑरेंज मज़ा (125) 1,444 पैक बॉटल (7,220), बालाजी पेप्सी (पाइनएप्पल फ्लेवर) 6,000 पाउच, बालाजी पेप्सी (ऑरेंज फ्लेवर) 18,900 पाउच, लवली पेप्सी (कोला फ्लेवर) 1,600 पाउच (3,200), मेंगो पेप्सी (मेंगो फ्लेवर) 2,400 पाउच (4,800)

### मिलावटी उत्पादों से बचें

प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि ग्रीष्मकाल में कोई भी कोल्ड ड्रिंक, पेप्सी या आइसक्रीम खरीदते समय यह अवश्य जांच लें कि उस पर निर्माण तिथि, बैच नंबर, निर्माता का नाम और लाइसेंस नंबर अंकित हो।

## शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कूड़े के स्थान पर बनाई पोषण वाटिका

# स्कूल की प्रधानाध्यापक ने स्वयं व स्टाफ के सहयोग से सरकारी स्कूल की बदली सूरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (एमडीएम) के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन द्वारा सप्ताह के प्रति गुरुवार को योजना से संबंधित सभी गतिविधियों की समीक्षा की जा रही है। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन द्वारा विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला परियोजना समन्वयक एसएसए, जिले के सभी विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक, योजना प्रभारी बीएसी, जनपद पंचायतो के योजना प्रभारी तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाला प्रभारियो से चर्चा कर दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने बताया कि इछावर विकासखण्ड स्थित शासकीय माध्यमिक शाला लसुडियाकांगर की प्रधानाध्यापक सोनिका जायसवाल ने स्कूल के सहयोगी स्टाफ तथा विद्यार्थियों के साथ मिलकर शाला भवन को सुसज्जित किया तथा बिना शासन की राशि के भवन की साज-सज्जा (पेंटिंग कार्य), बिजली फिटिंग, शाला भवन मे पानी सप्लाई के लिए मोटर लगाने के साथ ही पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत पोषण वाटिका का निर्माण कराया। जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने इस कार्य की सराहना करते हुए श्रीमती जायसवाल, स्कूल स्टाफ एवं विद्यार्थियों को बधाई दी है।

### कूड़े के स्थान पर पोषण वाटिका

जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने बताया कि जिले के ग्राम महुआखेडा (तकीपुर) में पदस्थ शिक्षक सतीश त्यागी, उनके सहयोगी स्टाफ एवं शाला के विद्यार्थियों एवं रसोइयों सराहनीय कार्य किया है। पीएम पोषण शक्ति निर्माण के तहत भोजन में उपयोगी सब्जी ताजी एंव कीटनाशक मुक्त मिले, इसके लिए उन्होंने कूड़े के स्थान पर पोषण बाटिका का निर्माण किया। जजो शासकीय माध्यमिक शाला बंद होने की कगार पर था, शिक्षकों के प्रयास से स्कूल में अब विद्यार्थियों की संख्या 105 हो गई है।